लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाष 0755–2583650, 2583653, 2583659 फैक्स 0755–2583651
ई–मेलः dpividhya@gmail.com

क्रमांक : विद्या/सी/2023/ भोपाल, दिनांक

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मध्यप्रदेश।

विषय :–विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023–24 के संबंध में।

संदर्भ :–माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की टीप क्र. 3424 दिनांक 03.08.2023।

––0000––

उपरोक्त विषयांकित एवं संदर्भित टीप तथा संलग्न पत्र की छायाप्रतियॉं संलग्न कर लेख है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, म0प्र0 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 6 वीं एवं 11 वीं तक के छात्र–छात्राओं के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता तीन चरणो में आयोजित होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्यालय स्तर | प्रथम चरण | 29–30 अक्टूबर 2023 |
| 2. | राज्य स्तर | द्वितीय चरण | दिसम्बर 2023 |
| 3. | राष्ट्रीय स्तर | तृतीय चरण | 18–19 मई 2024 |

2) राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप रू. 2000/– प्रतिमाह एक वर्ष के लिए एवं राष्ट्रीय संस्थाओं में 01 से 03 सप्ताह का भ्रमण कराया जाता है। आपके जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित करें कि विद्यालय के अधिकाधिक छात्र–छात्राऐं को www.vvm.org.in पर ऑनलाईन पंजीयन करावें। पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है। परीक्षा डिजिटल मोड (मोबाईल, कम्प्यूटर एवं टैब) से दी जा सकती है।

3) उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रति छात्र शुल्क राशि रूपये 200/– है। इस राशि में से रूपये 30/– मात्र विद्यालयीन कार्य हेतु संबंधित विद्यालय का अंश होगा।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(अनुभा श्रीवास्तव) 14/8
आयुक्त
लोक शिक्षण,मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक : विद्या/सी/2019/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध है।
3. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, माननीय राज्यमंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन को संदर्भित पत्र में परिपालन में सूचनार्थ।
4. निज सहायक, आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
5. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग म.प्र. की ओर उक्तानुसार मानीटरिंग की कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय, प्रदेश संयोजक, विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023–24, 105 विज्ञान सदन, आराधना नगर, कोटरा भोपाल–462003 को सूचनार्थ।

आयुक्त 14/8
लोक शिक्षण,मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

प्रति,

श्री मान इंदरसिंह जी परमार,
माननीय मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग,
म.प्र. शासन, भोपाल

**विषयः—विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023—2024 के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतंगत लेख है कि एन.सी.ई.आर.टी. (NCERT) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, एन.सी.एस.एम. (NCSM) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार,एम.पी.सी.एस.टी. (MPCST) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश सरकार एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों हेतु संपूर्ण भारत में 11 वर्षों से आयोजित की जा रही है। जिसमें विद्यार्थियों को भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट शोध कार्यों से अवगत कराया जाता है। अवगत होना चाहें सहभागी का मूल्यांकन के प्रश्न विद्यार्थी जिस कक्षा में अध्यनरत है उस पाठ्यक्रम से 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत भारतीय ज्ञान—विज्ञान एवं भारतीय वैज्ञानिकों पर आधारित होगें। विद्यार्थी में वैज्ञानिक सोच भारतीय परिकल्पना जिज्ञासा को ध्यान रखते हुए यह आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्यालय स्तर | प्रथम चरण | 29—30 अक्टूबर 2023 |
| 2. | राज्य स्तर | द्वितीय चरण | दिसम्बर 2023 |
| 3. | राष्ट्रीय स्तर | तृतीय चरण | 18—19 मई 2024 |

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थीयों को स्कालरशिप 2000/दो हजार प्रतिमाह एक वर्ष के लिए एवं राष्ट्रीय संस्थाओं में एक से तीन सप्ताह का भ्रमण कराया जाता है।
**पंजीयन हेतु** www.vvm.org.in पर आनलाइन पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है।
परीक्षा डिजिटल मोड (आनलाइन मोबाइल, कम्प्यूटर,एवं टैब) से दे सकते है। कुल शुल्क 200 रू प्रति विद्यार्थी है जिसमें से 30 रू प्रति विद्यार्थी की दर से विद्यालय को दिया जाता है। मध्य प्रदेश से अधिक से अधिक विद्यार्थीयों के पंजीयन कराने का आप से आग्रह है। जो विद्यार्थी शुल्क नहीं दे सकते उनका शुल्क विद्यालय के विज्ञान प्रकोष्ठ/ सेल से दिलाने का कष्ट करें।
अतः आपसे अनुरोध है कि मध्य प्रदेश के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए समस्त जिला प्रमुखों/संचालकों को निर्देश देने का कष्ट करें। विद्यार्थी इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में पंजीयन करा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

31/07/23

भवदीय

डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय,
प्रदेश संयोजक,
विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023—2024
105 विज्ञान सदन, आराधना नगर
कोटरा, भोपाल—462003
मो—8319030375

Scanned with OKEN Scanner